तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, गुरुवार 12 फरवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ...



12 उपाध्याय ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय...



## खबर संक्षेप



### कोरर मावा मोदेल से दो छात्र हुए चयनित

**कोरर।** मावा मोदेल लाइब्रेरी का शुभारंभ कोरर में माह अगस्त में किया गया तथा अंचल के विद्यार्थी इससे लाभान्वित भी हो रहे हैं। लाइब्रेरी में निरंतर अध्ययन करते हुए ग्राम सेलगांव के दो विद्यार्थी रोमिता नाईक तथा गौरव जैन का चयन सीआरपीएफ में व ग्राम चिल्हाटी के लुभान्शी जैन ने बीएसएफ में चयनित होकर अपने माता पिता तथा अंचल के नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विद्यार्थियों का उत्साह वर्धन करते हुए सफल विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह का आयोजन किया।

### घायल युवक की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** अंतागढ़ थानांतर्गत सीएचसी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर गए ग्राम मंगता निवासी 33 वर्षीय दिलीप नुरेटी पिता स्व. दानसाय का मौत हो गया। मंगता साल्हेभाट निवासी 30 वर्षीय सुकबती ने पुलिस को बताया कि मृतक सड़क दुर्घटना में घायल हो गया था। गंभीर चोट आने की वजह से उसका मौत हो गया। अंतागढ़ पुलिस द्वारा शुन्य पर मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्टोरेट में जनदर्शन अब प्रत्येक सोमवार को

**कांकेर।** कलेक्टर कार्यालय में अब प्रत्येक सोमवार को दोपहर 12 बजे से दोपहर 02 बजे तक जनदर्शन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले की आम जनता कलेक्टर के समक्ष अपनी समस्या, शिकायत व मांग से संबंधी आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इससे पहले यह जनदर्शन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित की जाती थी, जिसमें संशोधन किया गया है। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

### अज्ञात व्यक्ति की मौत जांच में जुटी पुलिस

**कांकेर।** जिला अस्पताल में इलाज के लिए लाए अज्ञात व्यक्ति का इलाज से पहले ही मौत हो गया। अस्पताल के वार्ड बॉय ने अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि अज्ञात पुरूष को इलाज के लिए 10 फरवरी को लाया गया था। अस्पताल में उपस्थित चिकित्सकों ने परीक्षण किया तब पता चला की उसकी मौत हो चुकी है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### संभाग स्तरीय रोजगार मेला होगा 16 एवं 17 फरवरी को

**कांकेर।** कौशल विकास तकनीकी एवं रोजगार विभाग द्वारा 16 एवं 17 फरवरी को प्रातः 11 बजे से सायं 04 बजे तक शासकीय लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल जगदलपुर में संभाग स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के तकनीकी एवं गैर तकनीकी के लगभग 1502 पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार लिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि संभाग स्तरीय रोजगार मेला में इच्छुक आवेदकां का साक्षात्कार 16 एवं 17 फरवरी सोमवार व मंगलवार निर्धारित है। जो आवेदक रोजगार मेला हेतु पूर्व में पंजीयन नहीं किया है वे पोर्टल पर अपना ऑनलाइन आवेदन कर रिक्त पदां की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आवेदक अपने समस्त दस्तावेज जीवित पंजीयन कार्ड, आधार कार्ड, अनुभव प्रमाण-पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र की मूल एवं छायाप्रति के साथ निर्धारित तिथि पर रोजगार मेला स्थल में अपनी उपस्थिति दे सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए इच्छुक आवेदक अपने जिला रोजगार कार्यालय, नजदीकी आईटीआई, पॉलिटेक्निक कॉलेज एवं लाईवलीहुड कॉलेज से प्राप्त किया जा सकता है।

### तनावमुक्त होकर परीक्षा देने का संदेश, कार्यशाला में छात्रों को मिला मार्गदर्शन

# बोर्ड परीक्षा की तैयारी को मिली नई दिशा
# कलेक्टर-एसपी ने छात्रों का बढ़ाया हौसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान टाइम मैनेजमेंट सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि समय का सही प्रबंधन ही यह तय करता है कि विद्यार्थी निर्धारित समय में अधिक प्रश्नों को सही ढंग से हल कर पाएंगे या नहीं। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान एक-एक मिनट बहुत मूल्यवान होता है, इसलिए विषयवार तैयारी, समय के अनुसार लिखने की गति, और सही रणनीति बनाकर पढ़ाई करना आवश्यक है। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को सलाह दी कि उत्तर लिखते समय सबसे पहले वे प्रश्न हल करें जिन पर उनकी पकड़ मजबूत हो, ताकि शुरुआत में आत्मविश्वास बढ़े और समय की बचत भी हो। उन्होंने कहा कि उत्तर विषयांतर न हों, लिखावट स्पष्ट हो और बिंदुवार उत्तर देने की आदत विकसित की जाए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को खानपान को लेकर भी सावधान किया। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में हमर लक्ष्य कार्यक्रम के तहत विगत वर्षों में बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के बेहतर परिणाम आए हैं ▶▶शेष पेज 10 पर

**तनाव न लें, धैर्य से पढ़ें, सभी विषयों को बराबर समय दें : एसपी निखिल**

**सीईओ हरेश मंडावी, डॉ. पल्लवी क्षीरसागर व डीईओ ने बताया टाइम मैनेजमेंट से बनेगा बोर्ड टॉपर**

बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने और उन्हें सफलता की सही रणनीति से रूबरू कराने के उद्देश्य से परीक्षा पे चर्चा के अंतर्गत कार्यशाला सह परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिले के मेधावी विद्यार्थियों ने न केवल विशेषज्ञों से मार्गदर्शन प्राप्त किया, बल्कि परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प भी लिया। कार्यशाला में प्री-बोर्ड परीक्षा में 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 10 वीं और 12 वीं की बोर्ड परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दिया गया।





### बोर्ड परीक्षा है टर्निंग प्वांइट

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद ने भी परिचर्चा में विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा केवल परीक्षा नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, मॉडल पेपर अभ्यास, और आत्मविश्वास के साथ तैयारी करने की बात कही। साथ ही उन्होंने सभी विद्यालयों के नोडल शिक्षकों को भी विद्यार्थियों की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए।

### विषयों का गूढ़ अध्ययन जरूरी

मोटिवेशनल स्पीकर के रूप में उपस्थित डॉ. पल्लवी क्षीरसागर ने शिक्षा मनोविज्ञान पर आधारित सलाह देते हुए कहा कि परीक्षा से पहले विषयों का गूढ़ अध्ययन करना बहुत आवश्यक होता है। उन्होंने तनाव से राहत के लिए विद्यार्थियों को अपने लिए थोड़ा समय निकालने की सलाह दी। उन्होंने सोशल मीडिया के स्थान पर किताबों से पढ़ाई पर एकाग्रता बढ़ाने पर जोर दिया तथा अध्ययन और समय के बीच संतुलन बनाने की बात कही।






### तनाव लेने की जरूरत नहीं

पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा ने विद्यार्थियों को मोटिवेट करते हुए कहा कि परीक्षा के समय तनाव लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी विषयों की तैयारी धैर्यपूर्वक करें और सभी विषयों को बराबर समय दें। बच्चों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का एसपी ने सरल और प्रेरणादायक तरीके से जवाब दिया, जिससे विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला।




### समय को ध्यान में रखकर लिखे उत्तर

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने विषयवार प्रबंधन, टाइम मैनेजमेंट और प्रश्न चयन की प्राथमिकता पर विद्यार्थियों को जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा को लेकर अनावश्यक तनाव लेने के बजाय, समय पर उत्तर लिखना, शांत मन से प्रश्नों को समझना और पूरी क्षमता के साथ सकारात्मक प्रदर्शन करना जरूरी है। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत तौर पर भी मार्गदर्शन प्रदान किया।

### नोडल शिक्षक भी हुए शामिल

जिला परियोजना समन्वय नवनीत पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला में जिले के 308 छात्र-छात्राएं तथा प्रत्येक विद्यालय से एक-एक नोडल शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम में जिला शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। रायपुर से आए मोटिवेशनल स्पीकर्स द्वारा भी विद्यार्थियों के संशय का समाधान किया गया।

## अंतागढ़ में सूने मकान को बनाया निशाना ताला तोड़ा, नकदी और सामान किया पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

अंतागढ़ थाना क्षेत्र के नयापारा इलाके में अज्ञात चोरों ने सूने मकान को निशाना बनाते हुए चोरी की वारदात को अंजाम दिया। परिवार के बाहर रहने का फायदा उठाकर चोरों ने चैनल गेट का ताला तोड़ा, घर के भीतर घुसकर आलमारियों के लॉकर चकनाचूर किए और नकदी सहित कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। घटना की शिकायत पर अंतागढ़ थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



थाना अंतागढ़ में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे नयापारा अंतागढ़ निवासी 36 वर्षीय प्रवेश मदन नेगी, पिता मदन लाल नेगी ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी की ट्रेनिंग रायपुर में लगने तथा माता-पिता के अस्वस्थ होने के कारण पूरा परिवार 26 जनवरी 2026 से रायपुर में रह रहा था। इस दौरान उनका मकान बंद था और चैनल गेट पर ताला लगा हुआ था। 7 फरवरी की शाम एक रिश्तेदार ने फोन कर सूचना दी कि उनके घर का ताला टूटा हुआ है। जानकारी मिलते ही 8 फरवरी 2026 को वे रायपुर से अंतागढ़ अपने घर पहुंचे। मौके पर देखा कि चैनल गेट का ताला टूटा हुआ था और घर के अंदर के दरवाजे खुले पड़े थे। कमरे के भीतर रखी चार आलमारियों के लॉकर टूटे हुए मिले, जिससे साफ जाहिर होता है कि चोरों ने पूरी योजना के साथ चोरी की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार ▶▶शेष पेज 10 पर

### भंडारीपारा में महुआ शराब बरामद, कोचिया गिरफ्तार



**कांकेर।** जिले में अवैध शराब कारोबार के खिलाफ पुलिस ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाते हुए प्रभावी कार्रवाई की है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन में शहर में लगातार की जा रही पुलिसिंग गश्त और मुखबिर तंत्र की सक्रियता के चलते सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस को सफलता मिली है। अवैध रूप से महुआ ▶▶शेष पेज 10 पर

## रेत खदानों की निविदाओं को लेकर दिनभर रही सरगर्मी, तीन पंचायतों की किस्मत कैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले में प्राकृतिक संसाधनों के सुव्यवस्थित दोहन और पारदर्शी प्रक्रिया को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले की तीन महत्वपूर्ण ग्राम पंचायतों में रेत खदानों के लिए निविदा प्रक्रिया संपन्न होने जा रही है। 11 फरवरी को इन खदानों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई थी। रेत खनन से जहां एक ओर स्थानीय विकास कार्यों को गति मिलने की उम्मीद है, वहीं दूसरी ओर पंचायत स्तर पर राजस्व बढ़ोतरी की संभावनाएं भी



प्रबल मानी जा रही हैं। जिले की तीन ग्राम पंचायतों में संचालित होने वाली रेत खदानों के लिए निविदा आवेदन करने का 11 फरवरी को अंतिम दिन रहा। तहसील पखांजुर अंतर्गत ग्राम पंचायत आकमेटा की घोड़ाघाट प्रथम, ग्राम पंचायत परतापुर की परतापुर प्रथम तथा चारामा ▶▶शेष पेज 10 पर

### मिलने वाले राजस्व से पंचायतों का होगा विकास

रेत खदानों के संचालन से स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर सृजित होने की संभावना है। इसके साथ ही पंचायतों को मिलने वाला राजस्व गांवों के विकास कार्यों में उपयोग किया जाएगा, जिससे सड़क, पेयजल, आवास और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विस्तार में मदद मिलेगी। स्थानीय ग्रामीणों का मानना है कि यदि खनन कार्य पारदर्शिता और नियमों के साथ किया गया तो इससे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

## लेन-देन को लेकर दो पक्षों में हुई झड़प मारपीट व तोड़फोड़, काउंटर केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर के संबलपुर रोड स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान में लेन-देन को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस मामले में दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के खिलाफ थाना भानुप्रतापपुर में अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दी है।

थाना में शिकायत करने पहुंचे नयापारा भानुप्रतापपुर निवासी 32 वर्षीय नितेश सचदेव पिता स्व. अशोक ने दुकान का संचालन करते हैं और 10 फरवरी को दोपहर लगभग 2 बजे धमतरी निवासी हर्ष मनवानी एवं आकाश मनवानी उनकी दुकान पर आए और राशि लेन-देन को लेकर विवाद करने लगे। आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी और दुकान में घुसकर हाथ-मुक्कों से मारपीट की। मारपीट से उनके सिर, चेहरे, सीने, पीठ एवं गर्दन में चोट आई है तथा दुकान में रखे एसी का डमी, 40 इंच एलईडी टीवी सहित अन्य सामग्री को नुकसान पहुंचाया गया, जिससे लगभग 70 हजार रुपएं की क्षति हुई है। वहीं दूसरे पक्ष से इलेक्ट्रिकल दुकान के संचालक धमतरी जिला के हटकेशर निवासी 25 वर्षीय हर्ष मनवानी पिता स्व. गोपीचंद मनवानी ने पुलिस को बताया कि उन्होंने



अगस्त 2024 में संतोषी इलेक्ट्रॉनिक्स को एंकर कंपनी की वायर सप्लाई की थी, जिसमें से 726 रुपएं शेष रह गए थे। कई बार मांग करने के बाद भी भुगतान नहीं हुआ, जिस पर वे 10 फरवरी को पैसा मांगने दुकान पहुंचे थे। इसी दौरान नितेश सचदेव ने गाली-गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी तथा हाथ-मुक्कों और प्लास से मारपीट की, जिससे उनके कंधे, सिर, गर्दन एवं हाथ की उंगली में चोट आई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर अपराध दर्ज कर लिया है।

## सटोरियों पर कांकेर पुलिस ने शिकंजा कसा, तीन को दबोचा और एक फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर में अवैध रूप से संचालित सट्टा पट्टी के खेल पर कांकेर पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी अब भी फरार है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सट्टा पट्टी से संबंधित सामग्री और नगदी रकम बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में शहर में असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी दौरान 11 फरवरी को शहर के मध्य क्षेत्र में कुछ व्यक्तियों द्वारा अंकों पर रुपएं-पैसों का हार-जीत का दांव लगाकर सट्टा पट्टी का खेल खेलने और खिलाने की जानकारी मुखबिर के से प्राप्त हुई। जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने नया बस स्टैंड बाजार के पास दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से टिकरापारा कांकेर निवासी 57 वर्षीय असलम खान पिता मजीद खान, श्रीराम नगर कांकेर निवासी ▶▶शेष पेज 10 पर



### गली-कूचे में दिनभर लगा रहता है जमावड़ा, आमजनता होती है परेशान

## शहर में सूखा नशा व सट्टोरियों के कई अड्डे हैं संचालित, कानून का खौफ नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर शहर में नशे के खिलाफ लगातार दावे किए जाते हैं, लेकिन हकीकत इससे कहीं अधिक चिंताजनक तस्वीर पेश कर रही है। शहर के बीचों-बीच स्थित नए बस स्टैंड के आसपास और उसी के पास कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के पास खुलेआम गांजा पीने वालों का जमावड़ा लगा रहता है, बल्कि छात्राओं की सुरक्षा और सामाजिक माहौल के लिए भी गंभीर खतरा बनता जा रहा है। स्कूल परिसर से लगे स्टेडियम की बाउंड्रीवाल के ठीक पीछे गांजा पीने वालों को



देखा जा सकता है। नए बस स्टैंड परिसर और कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल के आसपास रहने वाले इस तरह की अवैध गतिविधि की शिकायत प्रशासन और हरिभूमि के संज्ञान में लाए। इसके बाद हरिभूमि की टीम ने जब मौके पर जाकर पड़ताल की, तो चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। स्थानीय लोगों ने बताया कि एक युवक नियमित रूप से गांजा की पुड़िया लेकर यहां पहुंचता है और नशे के आदी लोगों को खुलेआम बेचता है। चाय दुकानों के पीछे बैठे लोग दिनदहाड़े गांजा पीते नजर आते हैं, जिससे वहां का माहौल असुरक्षित और असामाजिक बन चुका है। आसपास के रहवासियों ने भी इस बात की पुष्टि किया कि स्कूल समय के दौरान भी नशेड़ियों की आवाजाही बनी रहती है। इससे छात्राओं और अभिभावकों में भय का माहौल है। बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होना कई सवाल खड़े करता है।

### शहर में नशे व सट्टे के कई अड्डे

यह स्थिति सिर्फ कन्या स्कूल तक सीमित नहीं है। कांकेर शहर में सेन चौक, नए बस स्टैंड के पास, मिनी स्टेडियम में संचालित दुकानों के आसपास, और बरदेभाटा चौक जैसे कई सूने स्थान नशेड़ियों और सट्टा खिलाने वालों के अड्डे बन चुके हैं। इन इलाकों में सूखा नशा करने वाले और सट्टा रैकेट से जुड़े गुर्गे आसानी से देखे जा सकते हैं। जानकारों का कहना है कि यदि पुलिस सख्ती से कार्रवाई शुरू करे, तो पूरा नेटवर्क सामने आ सकता है। इससे यह भी उजागर होगा कि कांकेर में गांजा और सूखे नशे की सप्लाई आखिर कौन कर रहा है और सट्टा खिलाने वालों को किसका संरक्षण प्राप्त है। मुहल्लेवासियों की माँग है कि पुलिस और प्रशासन केवल औपचारिकता न निभाते हुए ठोस कदम उठाए। स्कूल जैसे संवेदनशील स्थानों के आसपास नशे के कारोबार पर लगाम लगाना प्राथमिकता होनी चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ी को इस जहर से बचाया जा सके और शहर में कानून का डर दोबारा कायम हो सके।

## खबर संक्षेप

### पीपरछेड़ी में 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ जारी

**पुरी।** ग्राम पीपरछेड़ी (कंडेल) में व्यसन मुक्ति तीन दिवसीय 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन 10 से 12 फरवरी तक किया गया है। प्रवचनकर्ता एवं यज्ञकर्ता युग पुरोहित शांतिकुंज प्रतिनिधि (हरिद्वार) की मंडली होगी।

### गायत्री परिवार की जिला स्तरीय बैठक 14 को

**धमतरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में गायत्री परिवार की बैठक 14 फरवरी शनिवार को 11 बजे से रिसाईपारा स्थित गायत्री शक्तिपीठ धमतरी में रखी गई है। मार्गदर्शन देने उपजोन समन्वयक रायपुर सीपी साहू एवं संगठन प्रभारी मनहरणलाल साहू का आगमन हो रहा है।

### कमलवंशी कंवर समाज का महाधिवेशन 13 एवं 14 को

**पुरी।** क्षेत्रीय कमलवंशी कंवर (आदिवासी) समाज धमतरी एवं राजिमराज खपरी पाली का महाधिवेशन 13 एवं 14 फरवरी को ग्राम खपरी (सिलीडीह) में रखा गया है। मुख्य अतिथि अजय चंद्राकर विधायक कुरूद होंगे। विशिष्ट अतिथि जीवनलाल सोनवानी संरक्षक, अध्यक्ष संतोष कुमार कंवर, कोषाध्यक्ष गोविंदराम कंवर, सचिव रामूराम कंवर, रूपेश कुमार कंवर, संचालक जागेश्वर कुमार, परसराम सोनवानी, ऑडिटर चंद्रेश कंवर, शीशराम कंवर, सलाहकार गुलालराम कंवर, रामप्रसाद कंवर, गोमती कंवर, कमला कंवर समेत अन्य होंगे।

### युवाओं को मिलेगा निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण

**धमतरी।** धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान अंतर्गत सम्मिलित ग्रामों के अनुसूचित जनजाति वर्ग के बेरोजगार युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन राखी मोड़ के पास विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के साथ ही प्रवेश, रहने एवं खाने की सुविधा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी।

# पुत्री के जन्मदिवस पर फौजी ने बुनागांव स्कूल में कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिला अंतर्गत ग्राम बुनागाँव के जनपद प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक शाला में एक प्रेरणादायी पहल देखने को मिली। देश की सीमा सुरक्षा में तैनात 14वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल एसएसबी के जवान सतीश कुमार नेताम एवं उनकी पत्नी सारिका नेताम ने अपनी पुत्री गंगा नेताम के जन्म दिवस 9 फरवरी के अवसर पर विद्यालय में भव्य न्योता भोज का आयोजन कराया।

जवान सतीश कुमार नेताम वर्तमान में जम्मू–कश्मीर में देश सेवा में तैनात हैं। उनके आग्रह पर पुत्री का जन्मदिन विद्यालय परिवार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय एवं आंगनबाड़ी के सैकड़ों बच्चों और ग्राम के अभिभावकों को पूर्ण न्योता भोजन कराया गया। न्योता भोज में बच्चों को खीर–पूड़ी, मटर–पनीर की सब्जी, मिक्सचर, पेड़ा, बर्फी सहित स्वादिष्ट मिष्ठान परोसे गए। स्वादिष्ट व्यंजन पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। संस्था के शिक्षक सूरज नेताम ने जानकारी दी कि सामुदायिक सहयोग से इस शैक्षणिक सत्र में विद्यालय में यह 18वां न्योता भोज आयोजन है। इस पहल को क्षेत्र में व्यापक सराहना मिल रही है। ऐसे आयोजनों से जहां बच्चों को स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन मिल रहा है, वहीं विद्यालय में शत–प्रतिशत उपस्थिति के साथ पढ़ाई के प्रति उनकी रुचि भी बढ़ रही है।

न्योता भोज को सफल बनाने में शिक्षिका मोनिका साहू का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में शिक्षिका शकुंतला यादव सहित अभिभावक अंजली कोर्राम, देवकी कोर्राम, उमेश्वरी कोर्राम, बालमती नेताम, इंदू सोरी, जयाबती मरकाम, हसीना नाग, गंगाबती नाग, जमनी कोर्राम, पूनम नाग, उमेश देहारी एवं जीवन भोयर उपस्थित रहे।

## सामुदायिक सहभागिता की अनूठी मिसाल, सत्र में अब तक 18वीं बार हुआ आयोजन



### प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत अभिनव पहल

प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर शुरू हुए न्योता भोज कार्यक्रम से समाज के विभिन्न वर्ग निरंतर जुड़ रहे हैं। इसी से प्रेरित होकर सतीश नेताम ने अपनी पुत्री का जन्मदिन विद्यालय परिवार के साथ मनाने का निर्णय लिया।

### सामुदायिक सहयोग से बढ़ रहा उत्साह

संस्था के प्रधान अध्यापक एवं संकुल समन्वयक धरम देवांगन ने बताया कि राज्य शासन की इस अभिनव पहल के तहत कोई भी व्यक्ति या संस्था जन्मदिन, वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर स्कूल में बच्चों के लिए पूर्ण भोजन या पूरक पोषण सामग्री का आयोजन कर सकता है।

## 'मन की बात' में भी हो चुका है उल्लेख

# माता मावली मड़ई का मेला धूमधाम से संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर



बस्तर की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था का प्रतीक विश्व प्रसिद्ध माता मावली मड़ई का मेला प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नारायणपुर में श्रद्धा, उल्लास और पारंपरिक वैभव के साथ आयोजित किया गया। सदियों पुरानी परंपरा को संजोए यह मेला न केवल जिले, बल्कि पूरे प्रदेश और देश में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है।

विशेष बात यह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' में इस ऐतिहासिक मेले का उल्लेख कर चुके हैं, जिससे इसकी ख्याति राष्ट्रीय स्तर पर और अधिक बढ़ी है। नक्सलवाद के उन्मूलन और क्षेत्र में बेहतर होती सुरक्षा व्यवस्था के चलते अबूझमाड़ सहित सुदूर अंचलों से बड़ी संख्या में ग्रामीण, श्रद्धालु और पर्यटक मेले में शामिल हो रहे हैं। जिस क्षेत्र में कभी आवाजाही पर पाबंदियां थीं, आज वहीं से लोग खुले मन से इस सांस्कृतिक उत्सव का हिस्सा बनने पहुँच रहे हैं। माता मावली मड़ई बस्तर की समृद्ध आदिवासी संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, वेशभूषा, लोकगीत और देवी-देवताओं की विविधता का अद्भुत संगम है। देश-विदेश से पर्यटक यहाँ की अनुपम सांस्कृतिक छटा और लोक जीवन की जीवंत झलक देखने के लिए खिंचे चले आते हैं। मेले से जुड़े साहित्यकार शिवकुमार पांडे के अनुसार, माता मावली मेला 800 वर्षों से अधिक समय से लग रहा हे। यह बस्तर की आस्था व परंपरा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। प्रारंभिक समय से ही दूर-दराज के ग्रामीण अपनी पारंपरिक वेशभूषा और देवी-देवताओं के साथ यहाँ पहुँचते रहे हैं।

### एक सप्ताह तक लोगों ने उठाया लुत्फ

*लगभग एक सप्ताह तक चलने वाला यह ऐतिहासिक आयोजन विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बना चुका है। इस दौरान लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। हालांकि, नक्सल प्रभाव के कारण कुछ वर्षों तक इसकी रौनक प्रभावित हुई थी, विशेषकर अबूझमाड़ क्षेत्र में। लेकिन वर्तमान में हालात सामान्य होने से मेले की खोई हुई चमक एक बार फिर लौटती नजर आ रही है। विश्व प्रसिद्ध माता मावली मड़ई आज केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि बस्तर की सांस्कृतिक आत्मा का उत्सव बन चुका है, जो परंपरा और आधुनिकता के संगम का सशक्त उदाहरण प्रस्तुत करता है।*

# माता मावली मेले में उमड़ी आस्था सड़कों की बदहाली से बढ़ा खतरा

## मुख्य मार्गों पर गड्ढों से श्रद्धालु परेशान, प्रशासन पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

विश्व प्रसिद्ध माता मावली मेला में इन दिनों हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। माता के दरबार में आस्था की भीड़ उमड़ रही है, लेकिन शहर की सड़कों की हालत श्रद्धालुओं का स्वागत नहीं, बल्कि लापरवाही की तस्वीर पेश कर रही है। मुख्य मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे मुंह खोलकर खड़े हैं, जिससे दुर्घटना का खतरा लगातार बना हुआ है।

- युवा कांग्रेस व एनएसयूआई ने श्रमदान कर पाटे गड्ढे

सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन को केवल वीआईपी दौरों की चिंता है? कुछ दिन पूर्व मुख्यमंत्री जी के नारायणपुर दौरे के दौरान उनके मार्ग की सड़कें रातों-रात दुरुस्त कर दी गईं। लेकिन आज जब आम जनता और मेले में आने वाले हजारों श्रद्धालुओं की सुविधा की बारी आई, तो वही प्रशासन खामोश नजर आ रहा है। प्रशासन की निष्क्रियता के बीच आज युवा कांग्रेस और एनएसयुआई की टीम ने आगे आकर श्रमदान के माध्यम से सड़कों के गड्ढों को पाटने का कार्य किया। युवाओं ने कहा कि जब जिम्मेदार विभाग अपनी भूमिका नहीं निभा रहे हैं, तब समाज के युवाओं को स्वयं आगे आकर जिम्मेदारी उठानी पड़ रही है।



### सीएम के लिए सड़क बन सकती है तो जनता के लिए क्यों नहीं: पार्षद

नगर के पार्षद विजय सलाम ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के लिए सड़क रातों-रात बन सकती है, तो क्या माता मावली मेला में आने वाले श्रद्धालु और आम जनता इस शहर के मेहमान नहीं हैं। प्रशासन को दिखावे की व्यवस्था छोड़कर जमीनी काम करना चाहिए। केवल फोटो और कागजी खानापूर्ति से व्यवस्था नहीं चलती। अगर किसी गड्ढे की वजह से दुर्घटना होती, तो जवाबदेय कौन होगा। उन्होंने आगे कहा कि मेले जैसे बड़े आयोजन के दौरान बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी न केवल लापरवाही है, बल्कि शहर की छवि को भी नुकसान पहुंचाती है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित अधिकारी तत्काल स्थायी समाधान करें और जिम्मेदारी तय की जाए।

## पेज 9 के शेष

### बोर्ड परीक्षा की तैयारी को मिली नई ...

और इसी परंपरा को इस वर्ष भी कायम रखना है।

पांच लाख की प्रोत्साहन राशि घोषितः कलेक्टर ने बताया कि इस वर्ष भी राज्य की प्रावीण्य सूची में स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा मुंबई की हवाई यात्रा कराई जाएगी। इसके अलावा सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को लैपटॉप, टैबलेट और स्कूटी प्रदान किए जाएंगे। जिल के जिन विद्यालयों का बोर्ड परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहेगा, उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप 05 लाख रुपए की राशि दी जाएगी।

### अंतागढ़ में सूने मकान को बनाया ...

चोर घर से दो नग पुराने एंड्रॉइड मोबाइल फोन, एक ब्लूटूथ स्पीकर और लगभग 2 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है, वहीं स्थानीय लोग सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चिंता जता रहे हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बीएनएस की धारा 305 (ए), 331 (4) एवं 324 (4) के तहत मामला पंजीबद्ध कर लिया है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा संदिग्धों की तलाश में जुट गई है।

### भंडारीपारा में महुआ शराब ..

शराब बेचने वाले एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से शराब और नगद राशि जप्त की गई है। जानकारी के अनुसार 10 फरवरी को मुखबिर से जानकारी मिली कि भंडारीपारा क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब का विक्रय कर रहा है। जानकारी की तस्दीक के बाद सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घेराबंदी कर आरोपी कृष्णा नेताम पिता स्व. वासुदेव नेताम, उम्र 26 वर्ष, निवासी भंडारीपारा थाना कांकेर को पकड़ा। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से महुआ शराब कुल 08 लीटर, जिसकी कीमत लगभग 800 रुपये आंकी गई, साथ ही 100 रुपये नगद बरामद किए गए। इस प्रकार कुल 900 रुपये की जप्ती की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तारी की गई। आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूर्ण करने के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। इस कार्रवाई में कांकेर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक कौशल साहू, आरक्षक मनोज ध्रुव एवं आरक्षक शिव कुमार नेताम की सराहनीय भूमिका रही।

### सटोरियों पर कांकेर पुलिस ने शिकंजा...

तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत बांडाटोला की भैंसकट्टा प्रथम रेत खदान के लिए इच्छुक आवेदकों को 11 फरवरी तक आवेदन प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। निर्धारित समय सीमा के चलते दिनभर कार्यालयों में गतिविधि तेज रही और कई ठेकेदारों एवं संस्थाओं ने आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपने आवेदन जमा किए। रेत खनन की यह प्रक्रिया शासन के तय नियमों और पर्यावरणीय दिशा-निर्देशों के तहत पूरी की जाएगी। खनन कार्य से जुड़े सभी नियमों का पालन करना निविदाधारकों के लिए अनिवार्य होगा। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि अवैध खनन या पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों पर सख्त निगरानी रखी जाए।

# नियमों की अवहेलना पर डीजे सचांलको पर होगी कठोर कार्रवाई

## विद्यार्थियों की परीक्षाओं को देखते हुए बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

स्कूल व महाविद्यालयीन परीक्षाओं को देखते हुए डीजे सचांलकों की बैठक आयोजित कर उन्हे रात दस बजे के बाद समय सीमा एवं ध्वनि नियंत्रण के निर्देश देते हुए नियमों का पालन करने कहा गया है।

- रात 10 बजे के बाद बजाने पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम व अन्य धाराओं में होगी कार्रवाई

बुधवार को एसपी शलभ कुमार सिन्हा के मार्गदर्शन तथा एएसपी माहेश्वर नाग व सीएसपी अमित देवांगन के पर्यवेक्षण में कोतवाली परिसर में कार्यवाहक थाना प्रभारी कोतवाली शिवानंद सिंह द्वारा जगदलपुर क्षेत्र के डीजे संचालकों की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य वर्तमान में परीक्षा समय को देखते हुए आगामी आयोजनों, विवाह समारोहों एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रमों के दौरान डीजे संचालन के संबंध में निर्धारित नियमों का पालन सुनिश्चित करना था। सभी डीजे संचालकों को बताया गया कि शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा का कड़ाई से पालन करने तथा रात्रि 10 बजे के बाद बिना सक्षम अनुमति के डीजे व लाउडस्पीकर का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।



इसके अतिरिक्त ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण नियमों के अंतर्गत निर्धारित डेसीबल सीमा का पालन करने के निर्देश भी दिए गए। किसी भी प्रकार की तेज आवाज, सार्वजनिक शांति भंग करने या कानून व्यवस्था प्रभावित करने की स्थिति में संबंधित डीजे संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक में उपस्थित सभी संचालकों को निर्देशों का पालन करने सचेत किया गया तथा शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया गया। नियमों का उल्लंघन करने वाले डीजे सचांलकों पर ध्वनि प्रदूषण अधिनियम एवं अन्य संबंधित धाराओं के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी शलभ कुमार सिन्हा ने कहा कि पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने प्रतिबद्ध है तथा आम नागरिकों से भी सहयोग की अपेक्षा की जाती है।

### आग में जलने से कमार महिला की मौत

**धमतरी।** दीया जलाते समय एक कमार महिला आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। इस घटना में अग्निदग्धा की अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार केरेगांव थाना क्षेत्र के ग्राम पथर्रीडीह निवासी बुधियारिन कमार पति शिव कमार उम्र 23 वर्ष की शादी वर्ष 2018 में हुई थी। वह बीते 2 वर्ष से अपने मायके फुटहामुड़ा में पिता के घर के पास रह रही थी। घर में बिजली नहीं होने के कारण रात्रि में मिट्टी के दीये में तेल डालकर जला रही थी। इसी दौरान महिला की साड़ी आग की चपेट में आ गई। साड़ी में आग लग जाने से महिला झुलस गई। घटना की जानकारी होने पर मां सरस्वती व पति शिव कमार किसी तरह आग बुझाकर महिला को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। घटना में महिला 60 प्रतिशत झुलस चुकी थी। अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद महिला को रायपुर रिफर कर दिया गया। महिला को रायपुर डीके अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

## भाजपा जिला कार्यालय में दीप प्रज्ज्वलन कर किया नमन

# समर्पण दिवस पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में आज एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि "समर्पण दिवस" के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने उनके छाया चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनके विचारों का स्मरण करते हुए नमन किया।

- वक्ताओं ने बताया एकात्म मानववाद आज भी प्रासंगिक



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के अध्यक्ष रूपसाय सलाम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जीवन राष्ट्रसेवा, समर्पण और अंत्योदय का अनुपम उदाहरण है। उनकी विचारधारा आज भी समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करती है। भाजपा जिलाध्यक्ष संध्या पवार ने कहा कि पंडित जी के सिद्धांत संगठन की आत्मा हैं। उनके विचारों को आत्मसात कर कार्यकर्ता निरंतर समाजसेवा के पथ पर अग्रसर हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन देवांगन ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने भारतीय राजनीति को वैचारिक समृद्धि प्रदान की। उनका एकात्म मानववाद आज भी अत्यंत प्रासंगिक एवं प्रेरणादायी है। वरिष्ठ भाजपा नेता गौतम गोलछा ने कहा कि पंडित जी का समर्पित जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त एवं समृद्ध राष्ट्र का निर्माण संभव है।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री संदीप कुमार झा ने किया, जबकि आभार भाजपा जिला महामंत्री पंकज जैन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत नारायणपुर के अध्यक्ष नारायण मरकाम, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष इंद्र प्रसाद बघेल, जनपद अध्यक्ष पिंकी उसेंडी, प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं पार्षद रमशीला नाग, सोनू कोर्राम, अनुराग पांडेय, मंगड़ू राम नुरेटी, जैकी कश्यप, राहुल पटेल, शांति नेताम, नेहा कश्यप, रंजना ठाकुर, दीपाली नाग, खुशबु जैन सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## नियमितीकरण और वेतनवृद्धि का मिला आश्वासन



**जगदलपुर।** स्वामी आत्मानंद संविदा शिक्षक एवं कर्मचारी संघ के रायपुर संभाग अध्यक्ष सूरज वर्मा ने अपनी टीम के साथ शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव से मुलाकात की। शिक्षा मंत्री ने नियमितीकरण और वार्षिक वेतन वृद्धि को शीघ्र पूरा करने का आश्वासन दिया। संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने यह स्पष्ट किया कि यदि सरकार संघ की मांगों के प्रति सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो अगले शिक्षा सत्र में कलम बंद, काम बंद हड़ताल, आंदोलन करने के लिए संघ विवश होगा।

## खबर संक्षेप

### ट्रैफिक सिग्नल बंद की दिक्कत पर एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन



भानुप्रतापपुर। नगर के मुख्य चौक पर लगे ट्रैफिक सिग्नल लंबे समय से बंद पड़े होने से यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। चारों दिशाओं से आने-जाने वाले वाहनों के कारण आए दिन जाम व दुर्घटनाओं की स्थिति बन रही है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंभीर समस्या को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के जिला सचिव अनुराग शर्मा के नेतृत्व में एनएसयूआई प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि जन सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक सिग्नल को अतिशीघ्र चालू कराया जाए, ताकि दुर्घटनाओं पर अंकुश लग सके और यातायात व्यवस्था सुचारु हो सके। सभी ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द सुधार नहीं हुआ तो संगठन आगे आंदोलन के लिए मजबूर होगा। इस अवसर पर एनएसयूआई नेता आयुष शर्मा, कॉलेज अध्यक्ष अनुराग साहु सहित राजकुमार गावड़े, सुशांत जैन, पृथ्वी सिंह, देव वर्मा एवं ललित टांडिया उपस्थित रहे।

### मजदूरी विवाद में बंद कलवर खदान फिर शुरू, प्रशासन की पहल रंग लाई

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोंदल के अंतर्गत स्थित कलवर लौह अयस्क खदान में लंबे समय से चल रहा मजदूरी विवाद आखिरकार समाप्त हो गया। यह विवाद झिटकाटोला पंचायत एवं आसपास के तीन गांवों के ग्रामीणों के बीच खदान में मजदूरी और काम के अवसरों को लेकर उत्पन्न हुआ था। विवाद बढ़ने के कारण खदान में कार्य पूरी तरह से बंद हो गया था, जिससे स्थानीय मजदूरों के साथ-साथ क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों पर भी असर पड़ रहा था। ग्रामीणों का कहना था कि खदान में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार मिलना चाहिए, साथ ही मजदूरी दरों को लेकर भी असहमति बनी हुई थी। खदान प्रबंधन की ओर से यह तर्क दिया जा रहा था कि नियमों और कार्य आवश्यकताओं के अनुसार श्रमिकों की नियुक्ति की जा रही है। इसी खींचतान के चलते दोनों पक्षों में लगातार तनाव बना हुआ था और खदान का संचालन प्रभावित हो रहा था। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए भानुप्रतापपुर के एसडीओपी शेर बहादुर सिंह ठाकुर ने पहल करते हुए मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों और संबंधित पक्षों से बातचीत की। दोनों पक्षों की बात ध्यानपूर्वक सुनी और कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ आपसी संवाद से समाधान निकालने की अपील की। प्रशासन की ओर से यह स्पष्ट किया गया कि क्षेत्र में शांति, रोजगार और विकास तीनों प्राथमिकता हैं, और किसी भी प्रकार के विवाद को संवाद के माध्यम से सुलझाया जाना चाहिए। एसडीओपी की मध्यस्थता और समझाइश के बाद दोनों पक्षों के बीच सहमति बनी। सहमति बनने के बाद विवाद समाप्त हो गया और खदान में कार्य पुनः प्रारंभ कर दिया गया है।

### भुरसा तरहुल में 16 को देव मेला लोककला मंच का भी आयोजन

दुर्गूकोंदल। विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम पंचायत तरहुल के आश्रित ग्राम भुरसा तरहुल में वार्षिक देव मेला का आयोजन 16 फरवरी को एक दिवसीय रूप में किया जा रहा है। जनपद पंचायत दुर्गूकोदल के जनपद प्रतिनिधि सोमदेव कोरोटी, चंदन सिंह, रामेश्वर भुवाय एवं श्याम सिंह कोरेटी ने जानकारी देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्राम भुरसा तरहुल में पारंपरिक देव मेला का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि देव मेला में आसपास के क्षेत्रों से देवी-देवता, गायता-पटेल, ग्रामीण महिला-पुरुष, व्यापारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे। मेले में धार्मिक परंपराओं के साथ-साथ ग्रामीण संस्कृति की झलक भी देखने को मिलेगी। आयोजकों ने बताया कि मेले के अवसर पर रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाच पार्टी का लोककला कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है, जिसमें क्षेत्रीय लोकनृत्य एवं मनोरंजन की प्रस्तुतियां होंगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर देव मेला एवं लोककला मंच कार्यक्रम का आनंद लें तथा आयोजन को सफल बनाएं।

### आटो में मीटर नहीं तो होगी कार्रवाई 10

जगदलपुर। परिवहन विभाग द्वारा आटो का परमिट, लायसेंस एवं मीटर की जांच की जा रही है। साथ ही 10 वर्ष पुराने आटो का पंजीयन निरस्त किया जाएगा। इसके लिए उड़नदस्ता प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। विभाग के सूत्रों अनुसार शहर एवं आसपास सड़कों में हजारों आटो चल रहे हैं, पर किसी आटो पर मीटर नहीं है। इसके आलावा कई आटो बिना परमिट, चालकों पर लायसेंस नहीं होने पर भी बेधड़क सड़क में चल रहे हैं। इसमें आटो का परमिट, चालक का लायसेंस, आटो में मीटर आदि की जांच के लिए परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाया जाएगा।

## पुण्यतिथि : जनसंघ के संस्थापक पं. उपाध्याय के त्याग-तपस्या और देशसेवा की याद किया

# पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा ने मनाया समर्पण दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



एकात्म मानववाद के प्रणेता, महान विचारक, लेखक, जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस पर भाजपा कार्यलय कमल सदन में जिला भाजपा द्वारा पँ दीन दयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई व राजनीति में उनके योगदान को याद किया गया।

भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन ने पँ दीनदयाल उपाध्याय के बारे में बताते हुए कहा की वे एक महान विचारक और एक राजनेता थे और भारतीय जनसंघ पार्टी को बनाने में इनका अहम योगदान रहा है। अपनी कॉलेज के दिनों में ही राजनीति में आने का निर्णय ले लिया था और बेहद ही कम समय में इन्होंने कई उपलब्धियां हासिल कर ली थी। साल 1951 में भारतीय जनसंघ की नींव रखी गई थी और इस पार्टी को बनाने का पूरा कार्य इन्होंने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के साथ मिलकर किया था। इस पार्टी के गठन के बाद उपाध्याय को इस पार्टी का महासचिव भी चुना गया था और ये पार्टी आरएसएस से जुड़ी हुई थी जो हिंदू राष्ट्रवाद की विचारधारा रखती थी। सन 1977 में ये पार्टी, जनता पार्टी के नाम से प्रसिद्ध हो गई थी और साल 1980 में इस पार्टी का नाम भारतीय जनता पार्टी हो गया था। जिस वक्त पंडित दीनदयाल उपाध्याय अपने स्नातक स्तर की शिक्षा हासिल कर रहे थे। उसी वक्त ही ये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आए थे और ये आरएसएस के प्रचारक बन गए थे। सन 1955 में इन्हें लखीमपुर जिले में आरएसएस का प्रचारक नियुक्त किया गया था और आरएसएस का प्रचार करने की जिम्मेदारी इन्हें दी गई थी।

विधायक अशाराम नेताम ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कारण ही भाजपा अस्तित्व में आई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने जो अपनी सेवाएं भारतीय जनसंघ पार्टी और आरएसएस को दी थी, उसको अभी भी बीजेपी पार्टी के द्वारा याद रखा गया है और इस पार्टी द्वारा इनकी याद में कई तरह के कार्य भी किए गए हैं। बीजेपी पार्टी की और से कई योजनाओं का नाम इनके नाम पर रखा गया है, जैसे दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्या योजना और दीन दयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना। इतना ही नहीं प्रधान मंत्री मोदी ने कई सार्वजनिक संस्थानों का नाम इनके नाम पर परिवर्तित कर दिया है। इसके अलावा इनके नाम पर एक कॉलेज और अस्पताल भी है। इस अवसर पर हलधर साहू, राजा देवनानी, राजीव लोचन सिंह, संजय सिन्हा, उत्तम जैन, दीपक खटवानी, गिरधर यादव, हेमेंद्र ठाकुर, शैलेंद्र सोरी, योगेश साहू, सपन श्रीवास्तव, उत्तम यादव, तनुज ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## श्रद्धा, संकल्प और एकता के साथ मनाई दीनदयाल उपाध्याय जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरोना

भारतीय जनता पार्टी मंडल सरोना द्वारा अटल चौक, सरोना में एकात्म मानववाद के प्रणेता एवं राष्ट्रऋषि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान पूरा अटल चौक भारत माता के जयघोष और वंदे मातरम् के नारों से गुंजायमान हो उठा। उपस्थित कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों को आत्मसात करने और अंत्योदय के सिद्धांतों को व्यवहार में उतारने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्ग पर चलने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का संकल्प दोहराया। मंडल प्रभारी एवं जिला पंचायत की उपाध्यक्ष तारा ठाकुर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का चिंतन केवल एक राजनीतिक विचारधारा नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि एकात्म मानववाद आज भी भारत की विकास यात्रा का मार्गदर्शन कर रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अंत्योदय हमारा लक्ष्य नहीं, हमारा संकल्प है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाना ही सच्ची राष्ट्रसेवा है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आव्हान किया कि संगठन की शक्ति को और सुदृढ़ बनाते हुए सेवा, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ जन-जन तक पहुंचें। उन्होंने कहा कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति सशक्त नहीं होगा, तब तक विकास अधूरा रहेगा। भारत को विश्वगुरु बनाने का संकल्प तभी साकार होगा जब हम सब मिलकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखेंगे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा ने अपने प्रखर संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचार प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता अंत्योदय के सिद्धांत को अपने जीवन का ध्येय बनाए और समाज के वंचित, शोषित एवं जरूरतमंद वर्ग तक योजनाओं और विकास की रोशनी पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करे। उन्होंने संगठन की मजबूती को राष्ट्र निर्माण का आधार बताते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने का आव्हान किया। कार्यक्रम के दौरान संगठनात्मक एकजुटता, राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना का अद्भुत संगम देखने को मिला। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भारत के समग्र विकास, सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत रहने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर यशवंत सुरोजिया, जीवन नेताम, बैराग सोरी एवं अशोक सोरी, कन्हैया नेताम, बबली जायसवाल एवं नागेंद्र सुरोजिया, भानु नेताम, जगदेव पटेल, अनिल साहू, अजय हिरवानी, संजय गोलछा, रामधार धनकर, अशोक लुनावत, चिंतामणि रामटेके, दीपक साहू, बिरेंद्र सिन्हा एवं दिनेश पांडे, चंद्रभान मंडावी और मोहर लाल साहू उपस्थित रहे।

## उपाध्याय ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय का दर्शन देश को दिया



भानुप्रतापपुर। भारतीय जनता पार्टी मंडल भानुप्रतापपुर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष डिगेश खापर्डे ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय का जो दर्शन देश को दिया, वही आज भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा का मूल आधार है। उनका जीवन राष्ट्र सेवा, संगठन समर्पण और अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के उत्थान के लिए पूर्णतः समर्पित रहा। पंडित का जीवन प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए प्रेरणास्रोत है। उनके सिद्धांतों के बल पर ही आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अंत्योदय की भावना के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का आव्हान किया। जिला महामंत्री ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का सादगीपूर्ण जीवन और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए अनुकरणीय है। समर्पण दिवस पर हमें संगठन को और अधिक मजबूत करने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेना चाहिए। मंडल महामंत्री राजीव श्रीवास ने कहा कि समर्पण दिवस केवल श्रद्धांजलि देने का अवसर नहीं, बल्कि उनके आदर्शों को जीवन में उतारकर समाज सेवा का संकल्प लेने का दिन है। कार्यक्रम में मंडल महामंत्री गिरधारी नरेटी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिलाध्यक्ष अरविंद जैन, रजिंदर रंधावा, सुमित्रा साहू, संगीता टांडिया, शकुंतला यादव, रत्नेश सिंह, हेम सोनवानी, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज रावटे, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष सन्नी राम कोरेटी, कस्तूर चंद जैन, भीखम आरदे, ललित गांधी, संकेत नसीने, जगन्नाथ साहू, विष्णु कचलाम, रूपेश कल्लो, रमेश तिवारी, हिमांशु ठाकुर, प्रेम शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## समाज के समग्र विकास के लिए प्रासंगिक हैं पंडितजी के विचार



दुर्गुकोंदल। भारतीय जनता पार्टी मंडल दुर्गुकोंदल द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में श्रद्धा एवं भावपूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके आदर्शों और राष्ट्रसेवा के विचारों को स्मरण करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन और विचारों पर प्रकाश डालते हुए मंडल अध्यक्ष बिदेसिंग सिंह कल्लो ने कहा कि वे भारतीय राजनीति के महान विचारक, संगठनकर्ता और राष्ट्रवादी चिंतक थे। उन्होंने एकात्म मानववाद और अंत्योदय जैसे विचारों को जन-जन तक पहुंचाया, जो आज भी समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि अंत्योदय का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है, ताकि गरीब, वंचित, पिछड़े और जरूरतमंद वर्गों का उत्थान हो सके। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे पंडित दीनदयाल जी के बताए मार्ग पर चलकर संगठन को मजबूत करें, सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें तथा समाज के हर वर्ग के हित में कार्य करें। कार्यक्रम में शकुनतला नरेटी, रघुनाथ मांडवी, संजय उयके, जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम, जनपद सदस्य पिलम नरेटी, जनपद सभापति विकाश राजू नायक, संतो दुग्गा, अशोक जैन, सरपंच मुकेश नरेटी, राहुल रॉय, वीरेंद्र जैन, लोकेश नरेटी, सुदेश तोपा, जयसिंह महावीर, सोमल जैन, पुनरत दास मानकपुरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वीर गुंडाधुर की जयंती पर ऊंकारी में भगवान बिरसामुंडा प्रतिमा का किया गया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा



चारामा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम उंकारी में धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का लोकार्पण श्रद्धा और उत्साह के साथ किया गया। यह आयोजन वीर गुण्डाधुर के जयंती और भूमकाल दिवस के पावन अवसर पर रखा गया, जिसमें क्षेत्रभर से आदिवासी समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत समाज के युवक-युवतियों द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य के साथ अतिथियों के स्वागत से हुई। स्वागत रैली के माध्यम से अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक लाया गया, जहां विधि-विधान के साथ भगवान बिरसा मुंडा जी की नई प्रतिमा का लोकार्पण किया गया। लोकार्पण के बाद आयोजित सभा में सभी अतिथियों का पारंपरिक रीति-रिवाज से फूल-मालाओं द्वारा सम्मान किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने धरती आबा बिरसा मुंडा जी के संघर्ष, बलिदान और आदिवासी समाज के उत्थान में उनके योगदान को याद किया। समाज के वरिष्ठ नेता ठाकुर राम कश्यप ने कहा कि धरती आबा बिरसा मुंडा केवल एक महापुरुष नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की आत्मा हैं। उनकी प्रतिमा का लोकार्पण समाज के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा के जीवन से युवाओं को अपने इतिहास, संस्कृति और संघर्षों को जानने व समझने की प्रेरणा मिलेगी। ग्रामीणों ने प्रतिमा स्वीकृति एवं स्थापना में योगदान के लिए ठाकुर राम कश्यप का आभार व्यक्त किया। विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा ने जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए जो संघर्ष किया, वह आज भी हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि बिरसा मुंडा ने आदिवासी समाज को अपने अधिकारों के लिए जागरूक किया और आत्मसम्मान के साथ जीने का रास्ता दिखाया। विधायक ने कहा कि ऐसी प्रतिमाएं आने वाली पीढ़ियों को अपने महापुरुषों के इतिहास से जोड़ने का कार्य करती हैं। समाज प्रमुख ललित नारायण गोटी ने भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।

अंत में ग्राम सरपंच भीखम कांगे ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी सामाजिक पदाधिकारियों, अतिथियों और ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से यह कार्यक्रम सफल हो सका और ऐसे आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम के समापन पर समाज के लोगों ने एकजुट होकर धरती आबा बिरसा मुंडा के विचारों पर चलने और समाज के हित में कार्य करने का संकल्प लिया।

# स्मार्ट मीटर पखवाड़े में उपभोक्ताओं को दी गई आधुनिक तकनीक की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजूर

विद्युत उपभोक्ताओं को आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने और विभाग के कामकाज में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से पखांजूर विद्युत कार्यालय के समक्ष स्मार्ट मीटर पखवाड़ा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय उपभोक्ता शामिल हुए, जिन्हें स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और इसके लाभों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में सहायक यंत्री विनय कुमार ठाकुर और कनिष्ठ यंत्री रामलाल परजा ने उपभोक्ताओं को बताया कि स्मार्ट मीटर न केवल सटीक बिलिंग सुनिश्चित करता है, बल्कि यह विद्युत चोरी रोकने में भी एक मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान मोर बिजली ऐप के उपयोग पर भी विशेष जोर दिया गया, जिससे उपभोक्ता घर बैठे अपने बिजली खपत की निगरानी कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने स्मार्ट मीटर की निम्नलिखित विशेषताओं पर प्रकाश डाला। अब उपभोक्ताओं को बिलिंग में होने वाली मानवीय त्रुटियों से राहत मिलेगी। उपभोक्ता प्रतिदिन अपनी बिजली खपत देख सकेंगे, जिससे वे अनावश्यक खर्च में कटौती कर बिजली बिल कम कर पाएंगे। ऑटोमेटेड टेंपरिंग एनालिसिस' तकनीक के जरिए मीटर से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या बिजली चोरी की कोशिश का तुरंत पता चल जाएगा। वितरण हानि कम होने से क्षेत्र में बिजली की गुणवत्ता और वोल्टेज में सुधार होगा। विभागीय जानकारी के अनुसार, प्रदेश में अब तक लगभग 33 लाख उपभोक्ता स्मार्ट मीटर योजना से जुड़ चुके हैं, जो कि कुल लक्ष्य का 60 प्रतिशत से भी अधिक है। विभाग का लक्ष्य जल्द से जल्द शत-प्रतिशत उपभोक्ताओं को इस स्मार्ट तकनीक के दायरे में लाना है। इस अवसर पर लाइनमैन गंगाधर साहू, मनोज नेताम सहित विभाग के अन्य कर्मचारी और ग्रामीण व शहरी उपभोक्ता उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# समीक्षा कर विभिन्न विकास कार्यों को गति देने का दिया गया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल जनपद पंचायत के सभा कक्ष में सामान्य सभा की बैठक सौहार्दपूर्ण एवं रचनात्मक वातावरण में जनपद अध्यक्ष गोपी बढ़ाई की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर व्यापक स्तर पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, महिला एवं बाल कल्याण, कृषि एवं सिंचाई जैसे विषयों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। ग्रामीण अंचलों के विकास, किसानों की सुविधा, युवाओं के रोजगार और बुनियादी ढांचे को मजबूत करने संबंधी मुद्दों पर गहन विमर्श हुआ।

जनपद सीईओ सुरेन्द्र बंजारे ने कहा कि प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता ग्रामीण क्षेत्रों का सतत विकास है। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध तरीके से पहुँचना चाहिए। इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी स्वीकृत योजनाओं का क्रियान्वयन पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि ग्रामीण जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना शासन और प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान कई जनपद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं जैसे- गर्मी फसलों सिंचाई साधनों की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं की सुदृढ़ता, विद्यालयों में शिक्षकों की कमी और आंतरिक सड़कों के निर्माण जैसी मांगों को विस्तार से रखा। इन मुद्दों पर समाधान के लिए ठोस सुझाव भी सामने आए। जनपद अध्यक्ष और जनपद सदस्यों ने बैठक के दौरान क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि पंचायत का वास्तविक उद्देश्य गांव-गांव तक विकास की रौशनी पहुँचाना है। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से आव्हान किया कि वे सामूहिक सहयोग और सहभागिता से विकास की गति को और तेज करें। उन्होंने विशेष रूप से महिला एवं बाल विकास, स्वच्छता और शिक्षा सुधार की दिशा में योजनाओं को और प्रभावी रूप से लागू करने की आवश्यकता बताई। हमारा मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि सरकार की हर जनहितकारी योजना का लाभ धरातल पर अंतिम व्यक्ति तक सुगमता से पहुँचे। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष आनंद तेता, जनपद सदस्य विकास राजू नायक, पीलम नरेटी, सविता उइके, अमृत कोटिंगला, सुलोचना कोरेटी, हेमलता उइके, सुशीला गावड़े, निर्मला कोवाची एवं अन्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



23 जून, 7 जुलाई, 21 जुलाई, 04 अगस्त 2026(11 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
अमरनाथ यात्रा
बाबा अमरनाथ, माता वैष्णव देवी, श्रीनगर
नोट :- बुकिंग आप जल्द करवाले क्योंकि रजिस्ट्रेशन व मेडिकल करवाना अनिवार्य रहता है।
राशि:-स्लीपर 13,500/-, 3 एसी 22,500/-, 2 एसी 25,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411